# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 25 मार्च 2026, अंक –244.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"आत्मविश्वास से बड़ा कोई कवच नहीं।"
— विवेकानंद



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादक:- शैलेन्द्र कुमार**



अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Wednesday Prayer

तू ही राम है, तू रहीम है,
तू करीम कृष्ण खुदा हुआ।
तू ही वाहे गुरु तू यीशू मसीह
हर नाम में तू समा रहा।
तू ही राम है.......................................।

तेरी जात पाक कुरान में,
तेरा दरस वेद पुराण में।
गुरु ग्रन्थजी के बखान में,
तू प्रकाश अपना दिखा रहा।
तू ही राम है.......................................।

अरदास है कहीं कीरतन
कहीं रामधुन कहीं आवहन।
विधि भेद का यह है सब रचन,
तेरा भक्त तुझको बुला रहा।
तू ही राम है.......................................।

तेरा गुण नहीं हम गा सकें,
तुझे कैसे मन में ध्या सके।
है दुआ यहीं तुझे पा सकें,
तेरे दर पे सर ये झुका हुआ।
तू ही राम है.......................................।

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणा: शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।



# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

अनुभाग-2

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

## सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: थाईलैंड की राजधानी कहाँ है?
उत्तर: बैंकॉक
प्रश्न 2: विश्व का सबसे ऊँचा जलप्रपात (Waterfall) कौन सा है?
उत्तर: एंजेल जलप्रपात (वेनेजुएला)
प्रश्न 3: 'लावणी' किस राज्य का प्रसिद्ध लोक संगीत और नृत्य है?
उत्तर: महाराष्ट्र
प्रश्न 4: एक 'अर्धवृत्त' (Semi-circle) का आकार कैसा होता है?
उत्तर: आधे कटे हुए वृत्त (Circle) जैसा
प्रश्न 5: बिहार का राजकीय चिन्ह (State Emblem) क्या है?
उत्तर: बोधि वृक्ष (दो स्वास्तिक के बीच)
प्रश्न 6: किस महाद्वीप को 'सफेद महाद्वीप' (White Continent) कहा जाता है?
उत्तर: अंटार्कटिका (बर्फ से ढके होने के कारण)
प्रश्न 7: टेलीफोन का आविष्कार किसने किया था?
उत्तर: अलेक्जेंडर ग्राहम बेल
प्रश्न 8: भारत के संविधान में 'शिक्षा का अधिकार' (Right to Education) किस अनुच्छेद के अंतर्गत आता है?
उत्तर: अनुच्छेद 21-A
प्रश्न 9: 'हिमालय' का सही संधि-विच्छेद क्या होगा?
उत्तर: हिम + आलय (दीर्घ संधि)
प्रश्न 10: मानव शरीर की सबसे छोटी हड्डी (Stapes) कहाँ पाई जाती है?
उत्तर: कान में (स्टेपिस)

संकलन:-



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

## शब्द - संगम

Behold (बिहोल्ड) – निहारना / देखना
Beheld (बिहेल्ड) – देखा
Beheld (बिहेल्ड) – देखा गया

Bend (बेंड) – मोड़ना / झुकाना
Bent (बेंट) – मोड़ा / झुकाया
Bent (बेंट) – मोड़ा गया / झुका हुआ

Cling (क्लिंग) – चिपके रहना
Clung (क्लंग) – चिपका
Clung (क्लंग) – चिपका हुआ



संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

## English गप-शप

थीम: Simple Conversation (सरल संवाद – 3)

क्या तुमने होमवर्क किया? – Did you do your homework?
हाँ, मैंने कर लिया। – Yes, I did it.
क्या तुम मेरी मदद करोगे? – Will you help me?
हाँ, मैं मदद करूँगा। – Yes, I will help you.



संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 24 मार्च को किस घातक बीमारी के प्रति वैश्विक जागरूकता हेतु 'विश्व क्षय रोग दिवस' मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: टीबी (Tuberculosis)
व्याख्या: 1882 में आज ही के दिन डॉ. रॉबर्ट कोच ने टीबी के जीवाणु की खोज की थी। यह दिवस इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के संकल्प को दोहराता है। भारत सरकार ने 2025-26 तक 'टीबी मुक्त भारत' का लक्ष्य रखा है। सही समय पर जाँच और नियमित उपचार से इस बीमारी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।
संदर्भ: विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) कैलेंडर 2026।

2. हाल ही में 'बिहार सरकार' ने किस जिले में 'राज्य का पहला एथेनॉल इकाई' (Ethanol Unit) के सफल संचालन के बाद दूसरी बड़ी इकाई को मंजूरी दी है? (समसामयिकी)
उत्तर: भोजपुर (आरा)
व्याख्या: बिहार में गन्ने और मक्के से एथेनॉल बनाने की दिशा में भोजपुर जिला एक नए केंद्र के रूप में उभरा है। यह हरित ईंधन की दिशा में आत्मनिर्भरता और किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। इससे राज्य में औद्योगिक निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।
संदर्भ: उद्योग विभाग, बिहार सरकार (मार्च 2026)।

3. "नीतिशतकम्" नामक प्रसिद्ध नीतिपरक ग्रंथ के रचयिता कौन हैं, जिन्होंने मनुष्य के आचरण पर प्रकाश डाला है? (इतिहास)
उत्तर: भरतृहरि
व्याख्या: राजा भरतृहरि द्वारा रचित 'नीतिशतकम्' संस्कृत साहित्य का एक अनमोल रत्न है। इसमें 100 श्लोकों के माध्यम से जीवन की नैतिकता, विद्वत्ता और मूर्खता के भेदों को बहुत ही सरल ढंग से समझाया गया है। यह प्राचीन भारतीय जीवन दर्शन और संस्कारों का दर्पण माना जाता है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 7 इतिहास, अध्याय 9 (क्षेत्रीय संस्कृतियों का निर्माण)।

4. पृथ्वी के वायुमंडल की वह कौन सी परत है जहाँ 'उल्कापिंड' प्रवेश करते ही जलने लगते हैं? (पर्यावरण)
उत्तर: मध्यमंडल (Mesosphere)
व्याख्या: यह वायुमंडल की तीसरी परत है जो समताप मंडल के ऊपर स्थित है। अंतरिक्ष से आने वाले उल्कापिंड इस परत के घर्षण के कारण जलकर नष्ट हो जाते हैं, जिससे हमारी पृथ्वी सुरक्षित रहती है। यहाँ ऊंचाई के साथ तापमान बहुत तेजी से गिरता है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 7 भूगोल, अध्याय 4 (वायु), पृष्ठ 23।

5. वर्ष 1924 में 'बेलगाम' (कर्नाटक) में आयोजित कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी? (इतिहास)
उत्तर: महात्मा गांधी
व्याख्या: यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का एकमात्र अधिवेशन था जिसकी अध्यक्षता स्वयं महात्मा गांधी ने की थी। इस अधिवेशन के बाद गांधीजी ने रचनात्मक कार्यों और खादी के प्रचार पर विशेष बल दिया। यह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में गांधीजी के नेतृत्व की एक महत्वपूर्ण घटना है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 8 इतिहास, अध्याय 9, पृष्ठ 116।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. भारत का वह कौन सा एकमात्र राज्य है जिसकी सीमा 'सिक्किम' को स्पर्श करती है? (भूगोल)
उत्तर: पश्चिम बंगाल
व्याख्या: भौगोलिक दृष्टि से सिक्किम तीन ओर से अंतरराष्ट्रीय सीमाओं (नेपाल, चीन, भूटान) से घिरा है और दक्षिण में यह केवल पश्चिम बंगाल राज्य से जुड़ा हुआ है। यह 'सिलीगुड़ी कॉरिडोर' या 'चिकन नेक' के माध्यम से शेष भारत से जुड़ता है। यह भारत की आंतरिक सीमाओं की एक विशिष्ट पहचान है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 9 भूगोल, अध्याय 1 (भारत – आकार और स्थिति), पृष्ठ 6।

7. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत 'समान कार्य के लिए समान वेतन' का प्रावधान किया गया है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 39(d)
व्याख्या: राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के अंतर्गत अनुच्छेद 39 यह सुनिश्चित करता है कि पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान कार्य के लिए समान वेतन प्राप्त हो। यह प्रावधान लैंगिक समानता और आर्थिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए संविधान का एक प्रमुख स्तंभ है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 2, पृष्ठ 43।

8. 'द्रव सोना' (Liquid Gold) किस खनिज तेल को कहा जाता है क्योंकि इसकी वैश्विक मांग और मूल्य अत्यधिक है? (विज्ञान)
उत्तर: पेट्रोलियम
व्याख्या: पेट्रोलियम को उसकी आर्थिक महत्ता और बहुउपयोगी होने के कारण 'द्रव सोना' कहा जाता है। इससे पेट्रोल, डीजल, केरोसिन और प्लास्टिक जैसे उत्पाद प्राप्त होते हैं जो आधुनिक परिवहन और उद्योगों की धुरी हैं। यह जमीन के भीतर जीवाश्मों के लाखों वर्षों तक दबे रहने से बनता है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 8 विज्ञान, अध्याय 5 (कोयला और पेट्रोलियम), पृष्ठ 60।

9. 'कथकली' शास्त्रीय नृत्य में प्रयुक्त होने वाले 'हरे रंग' के मुखौटे (Pacha) का क्या अर्थ है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: कुलीनता/सद्गुण (Virtue)
व्याख्या: केरल के कथकली नृत्य में चेहरों के रंगों का विशेष महत्व है। 'पचा' (हरा रंग) नायक या नेक पात्रों (जैसे राम, कृष्ण) का प्रतीक है। वहीं लाल रंग उग्रता और काला रंग तामसी प्रवृत्तियों को दर्शाता है। यह नृत्य कला और प्रतीकों के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत की कहानियाँ कहता है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 11 ललित कला, अध्याय 8 (भारतीय प्रदर्शन कलाएँ)।

10. बिहार के किस जिले में 'तेलहाड़ कुंड' जलप्रपात स्थित है, जो अपनी प्राकृतिक छटा के लिए प्रसिद्ध है? (बिहार GK)
उत्तर: कैमूर
व्याख्या: कैमूर पहाड़ियों पर स्थित तेलहाड़ कुंड बिहार के सबसे सुंदर जलप्रपातों में से एक है। इसकी ऊंचाई लगभग 80 मीटर है। यह क्षेत्र वन संपदा और औषधीय पौधों से भरपूर है, जो बिहार की प्राकृतिक विविधता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।
संदर्भ: बिहार पर्यटन विभाग; SCERT बिहार कक्षा 9 भूगोल।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (मार्च W3): यदि आप भूकंप के दौरान 'खुले स्थान' पर हों, तो सुरक्षित रहने हेतु क्या करना चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: इमारतों से दूर हटें
व्याख्या: सुरक्षित शनिवार और आपदा कैलेंडर 2026 (मार्च W3) के अनुसार, यदि आप भूकंप के समय घर से बाहर हैं, तो किसी ऊँची इमारत, बिजली के खंभों, पेड़ों और होर्डिंग्स से दूर हटकर खुले मैदान में चले जाएं। खुले स्थान पर खड़े रहना या बैठ जाना सबसे सुरक्षित है क्योंकि यहाँ सिर पर कुछ गिरने का खतरा न्यूनतम होता है।
संदर्भ: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम (आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर 2026)।

12. एक व्यक्ति पूर्व की ओर 10 किमी चलता है, फिर बाएं मुड़कर 5 किमी चलता है। अब वह अपने शुरुआती बिंदु से किस दिशा में है? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: उत्तर-पूर्व (North-East)
व्याख्या: व्यक्ति पहले पूर्व (E) में गया, फिर बाएं मुड़कर उत्तर (N) की ओर बढ़ा। शुरुआती बिंदु से उसकी वर्तमान स्थिति इन दोनों दिशाओं के बीच में होगी। अतः उसकी वर्तमान दिशा 'उत्तर-पूर्व' है। यह प्रश्न छात्रों की दिशा बोध और मानचित्रण क्षमता को विकसित करता है।
संदर्भ: NTSE मानसिक योग्यता अभ्यास (हाई स्कूल स्तर)।

GK संकलन:-
**शैलेन्द्र कुमार**
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।



अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

Justify (जस्टिफाई) = Defend (डिफेंड) = उचित ठहराना
Antonym – Condemn (कंडेम्न) = निंदा करना
Journey (जर्नी) = Trip (ट्रिप) = यात्रा
Antonym – Stay (स्टे) = ठहरना
Jealous (जेलस) = Envious (एन्वियस) = ईर्ष्यालु
Antonym – Content (कॉन्टेंट) = संतुष्ट
Jolly (जॉली) = Cheerful (चीयरफुल) = खुशमिजाज
Antonym – Sad (सैड) = उदास
Join (जॉइन) = Connect (कनेक्ट) = जुड़ना
Antonym – Separate (सेपरेट) = अलग करना



~: संकलन :~
**राकेश कुमार राव**
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**Prime Minister addresses 'One World TB Summit 2026' on World Tuberculosis Day; India reports 80% reduction in TB incidence in 50 target districts.**
**प्रधानमंत्री ने विश्व क्षय रोग (TB) दिवस पर 'वन वर्ल्ड टीबी समिट 2026' को संबोधित किया; भारत के 50 लक्षित जिलों में टीबी के मामलों में 80% की कमी दर्ज की गई।**

**ISRO successfully completes 'Pushpak-2' RLV (Reusable Launch Vehicle) landing experiment; achieves precision autonomous landing in Karnataka.**
**इसरो ने 'पुष्पक-2' पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान (RLV) का लैंडिंग प्रयोग सफलतापूर्वक पूरा किया; कर्नाटक में सटीक स्वायत्त लैंडिंग हासिल की।**

**Ministry of Education and NCERT launch 'National Digital Library for Schools' with 24x7 AI-tutor support for Board exam aspirants.**
**शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी ने बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए 24x7 एआई-ट्यूटर सहायता के साथ 'स्कूलों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय' लॉन्च किया।**

## INTERNATIONAL NEWS

**WHO releases 'Global TB Report 2026'; highlights breakthrough in short-course oral treatment for multi-drug resistant TB.**
**विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 'ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2026' जारी की; मल्टी-ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के लिए शॉर्ट-कोर्स ओरल ट्रीटमेंट में बड़ी सफलता का उल्लेख।**

**BBC Report: Global Climate Council warns of 'Unprecedented Heatwaves' in 2026 due to strengthening El Niño; calls for urgent urban cooling policies.**
**बीबीसी रिपोर्ट: ग्लोबल क्लाइमेट काउंसिल ने मजबूत होते अल नीनो के कारण 2026 में 'अभूतपूर्व लू' की चेतावनी दी; शहरी शीतलन नीतियों के लिए तत्काल आह्वान।**

**United Nations General Assembly adopts 'Space Sustainability Treaty' to limit orbital debris and regulate commercial satellite mega-constellations.**
**संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कक्षीय मलबे को सीमित करने और वाणिज्यिक उपग्रहों को विनियमित करने के लिए 'अंतरिक्ष स्थिरता संधि' को अपनाया।**

## BIHAR NEWS

**Bihar SCERT launches 'Nipun Bihar Digital Dashboard' to track real-time foundational literacy and numeracy progress across 38,000 schools.**
**बिहार एससीईआरटी ने 38,000 स्कूलों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता की प्रगति को ट्रैक करने के लिए 'निपुण बिहार डिजिटल डैशबोर्ड' लॉन्च किया।**

**Bihar Government announces 'Mission Harit Path'; target to plant 5 crore saplings along state highways using drone-seeding technology.**
**बिहार सरकार ने 'मिशन हरित पथ' की घोषणा की; ड्रोन-सीडिंग तकनीक का उपयोग करके राज्य के राजमार्गों के किनारे 5 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य।**

## SPORTS NEWS

**India's Sift Kaur Samra breaks World Record in 50m Rifle 3 Positions at ISSF World Cup 2026; clinches Gold Medal.**
**भारतीय निशानेबाज सिफ्त कौर समरा ने ISSF विश्व कप 2026 में 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में विश्व रिकॉर्ड तोड़ा और स्वर्ण पदक जीता।**

**Ministry of Sports launches 'Talent Identification Portal 2.0' to scout rural athletes using AI-based physiological profiling.**
**खेल मंत्रालय ने एआई-आधारित शारीरिक प्रोफाइलिंग का उपयोग करके ग्रामीण एथलीटों की पहचान हेतु 'टैलेंट आइडेंटिफिकेशन पोर्टल 2.0' लॉन्च किया।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण।**

**✍️ संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

## प्रेरक प्रसंग

# "जब धागे जुड़ते हैं"

25 मार्च की सुबह थी। विद्यालय की प्रार्थना सभा में बच्चे अनुशासन के साथ खड़े थे। वातावरण में उत्साह था। मंच पर वर्मा सर आए और बोले—

"बच्चों, आज मैं तुम्हें एक ऐसी छोटी-सी कहानी सुनाऊँगा, जो हमें एकता की असली ताकत समझाती है।"

उन्होंने कहना शुरू किया—

एक गाँव में रीना नाम की लड़की रहती थी। उसकी माँ बुनकर थीं और सुंदर चादरें बनाती थीं। एक दिन रीना ने उत्सुकता से पूछा—

"माँ, आपकी चादर इतनी मजबूत और सुंदर कैसे होती है?"

माँ ने एक धागा उठाकर उसे दिया और कहा—

"इसे तोड़कर देखो।"

रीना ने आसानी से धागा तोड़ दिया।

फिर माँ ने कई धागों को एक साथ जोड़कर करघे पर बुन दिया और बोलीं—

"अब इसे तोड़कर देखो।"

रीना ने पूरी ताकत लगा दी, लेकिन वह चादर को तोड़ नहीं पाई।

माँ मुस्कुराईं और बोलीं—

"देखो, एक धागा अकेला कमजोर होता है, लेकिन जब वही धागे मिलकर जुड़ते हैं, तो वे मजबूत बन जाते हैं। यही एकता की ताकत है।"

अगले दिन विद्यालय में रीना ने इस सीख को अपनाया। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पढ़ाई शुरू की, एक-दूसरे की मदद की और पूरी कक्षा में अच्छा माहौल बन गया।

वर्मा सर ने कहानी समाप्त करते हुए कहा—

"बच्चों, हम भी उन धागों की तरह हैं। जब हम आपस में जुड़ते हैं, सहयोग करते हैं, तभी हम मजबूत बनते हैं और सफलता प्राप्त करते हैं।"

सभा के अंत में सभी छात्रों ने एक स्वर में संकल्प लिया—

"हम एकजुट रहेंगे और मिलकर आगे बढ़ेंगे।"

संदेश : "एकता हमें वह ताकत देती है, जो अकेले कभी नहीं मिल सकती।"



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## "पाठ योजना (Lesson Plan) का महत्व"

विद्यालय में प्रभावी शिक्षण केवल विषय ज्ञान पर निर्भर नहीं करता, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करता है कि शिक्षक अपने पाठ को कितनी व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से प्रस्तुत करता है। इसी व्यवस्थित तैयारी को पाठ योजना (Lesson Plan) कहा जाता है। यह एक ऐसा लिखित या मानसिक खाका होता है, जिसके आधार पर शिक्षक कक्षा में शिक्षण कार्य को सुचारु रूप से संचालित करता है।

पाठ योजना का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह शिक्षण को संगठित और उद्देश्यपूर्ण बनाती है। जब शिक्षक पहले से यह तय कर लेते हैं कि आज क्या पढ़ाना है, कैसे पढ़ाना है और बच्चों से क्या अपेक्षा है, तो कक्षा में समय का सही उपयोग होता है और अनावश्यक भ्रम की स्थिति नहीं बनती। इससे शिक्षण अधिक प्रभावी और परिणामदायी हो जाता है।

एक अच्छी पाठ योजना में कुछ प्रमुख तत्व शामिल होते हैं—

शिक्षण उद्देश्य (Learning Objectives): आज के पाठ से बच्चे क्या सीखेंगे।

पूर्व ज्ञान (Previous Knowledge): बच्चों को पहले से क्या जानकारी है।

शिक्षण विधि (Teaching Method): पाठ को किस तरीके से पढ़ाया जाएगा (जैसे—चर्चा, गतिविधि, कहानी)।

शिक्षण-सहायक सामग्री (TLM): कौन-कौन से चार्ट, चित्र या सामग्री का उपयोग होगा।

मूल्यांकन (Assessment): यह कैसे पता चलेगा कि बच्चों ने समझा या नहीं।

उदाहरण के रूप में यदि शिक्षक “गिनती” सिखाने जा रहे हैं, तो वे पहले से यह योजना बना सकते हैं कि कंकड़ या बीजों का उपयोग करेंगे, बच्चों को समूह में गतिविधि कराएंगे और अंत में छोटे-छोटे प्रश्न पूछकर उनकी समझ जाँचेंगे। इस प्रकार पाठ योजना शिक्षण को अधिक स्पष्ट और प्रभावी बनाती है।

पाठ योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह शिक्षक को आत्मविश्वास प्रदान करती है। जब शिक्षक तैयारी के साथ कक्षा में प्रवेश करता है, तो वह अधिक सहज और प्रभावी ढंग से पढ़ा पाता है। इसके विपरीत बिना योजना के पढ़ाने पर कई बार विषय अधूरा रह जाता है या समय का सही उपयोग नहीं हो पाता।

बिहार के सरकारी विद्यालयों में भी शिक्षण को बेहतर बनाने के लिए पाठ योजना बनाने पर जोर दिया जा रहा है, विशेषकर “निपुण बिहार” जैसे कार्यक्रमों के अंतर्गत। इसमें यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शिक्षक बच्चों की सीखने की गति और स्तर को ध्यान में रखते हुए योजना बनाएं, ताकि कोई भी बच्चा पीछे न छूटे।

पाठ योजना का एक और लाभ यह है कि यह शिक्षण को लचीला (Flexible) बनाती है। यदि कक्षा में बच्चों की समझ अपेक्षा से कम या अधिक हो, तो शिक्षक अपनी योजना में आवश्यक परिवर्तन कर सकता है। इस प्रकार यह एक मार्गदर्शक की तरह कार्य करती है, न कि कठोर नियम की तरह।

अंततः कहा जा सकता है कि पाठ योजना प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की आधारशिला है। यह शिक्षक को दिशा देती है, कक्षा को व्यवस्थित बनाती है और बच्चों के सीखने को अधिक स्पष्ट, रोचक और परिणामदायी बनाती है। यदि प्रत्येक शिक्षक नियमित रूप से पाठ योजना बनाकर शिक्षण करें, तो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में निश्चित रूप से सुधार देखा जा सकता है।

मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 18

## "(मैट्रिक के बाद – Hotel Management (Diploma))"

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

यदि आपकी रुचि होटल, पर्यटन, खान-पान, आतिथ्य (Hospitality) और सर्विस सेक्टर में है, तो Hotel Management (Diploma) एक आकर्षक एवं रोजगारपरक कोर्स है। इसमें Food Production, Bakery & Confectionery, Front Office, Housekeeping, Food & Beverage Service, Communication Skills आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे आप होटल और पर्यटन उद्योग के लिए तैयार होते हैं।

अर्हता: 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण (संस्थान अनुसार); अच्छे संप्रेषण कौशल (Communication Skills) व व्यक्तित्व का महत्व।

नामांकन प्रक्रिया: अधिकांश संस्थानों में मेरिट/डायरेक्ट एडमिशन; जबकि प्रमुख सरकारी संस्थानों में प्रवेश के लिए National Testing Agency द्वारा आयोजित NCHM JEE परीक्षा के माध्यम से नामांकन होता है (nchmjee.nta.nic.in)।

बिहार के प्रमुख सरकारी संस्थान:

Institute of Hotel Management Hajipur

Bihar Skill Development Mission के अंतर्गत हॉस्पिटैलिटी कोर्स

देश के प्रमुख सरकारी संस्थान:

Institute of Hotel Management Pusa

Institute of Hotel Management Mumbai

Institute of Hotel Management Bangalore

कोर्स अवधि: 1–3 वर्ष (डिप्लोमा/सर्टिफिकेट अनुसार)।

रोजगार की संभावना:

होटल, रिसॉर्ट, एयरलाइन कैटरिंग, क्रूज, रेस्टोरेंट, केटरिंग कंपनियाँ, टूरिज्म सेक्टर। प्रारंभिक वेतन ₹15,000–30,000 प्रति माह, अनुभव व विदेश अवसरों के साथ आय में तेज वृद्धि।

आगे के अवसर:

डिप्लोमा के बाद Degree in Hotel Management, इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी कोर्स, या स्वयं का रेस्टोरेंट/कैफे व्यवसाय।

वित्तीय सहायता: कौशल आधारित शिक्षा हेतु बिहार सरकार की योजनाएँ तथा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) से सहायता ली जा सकती है। छात्रवृत्ति के लिए National Scholarship Portal – scholarships.gov.in उपयोगी है।

संक्षिप्त सलाह: यदि आप सर्विस इंडस्ट्री, लोगों से संवाद और रचनात्मक कार्य में रुचि रखते हैं, तो यह कोर्स आपको देश-विदेश में आकर्षक करियर अवसर प्रदान कर सकता है।

...........✍️

शैलेन्द्र कुमार

प्रधान शिक्षक

रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2



Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




संपादक:-

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org